कुल पृष्ठों की संख्या 04
कुल प्रश्नों की संख्या 20

Roll No.

# वार्षिक परीक्षा, 2017-18

## कक्षा - 11 XI

समय : 3.15 घंटे | विषय - हिन्दी अनिवार्य | पूर्णांक : 100

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

फल की विशेष आसक्ति से कर्म के लाघव की वासना उत्पन्न होती है, चित्र में यही आता है कि कर्म बहुत कम या बहुत सरल करना पड़े और फल बहुत-सा मिल जाये। श्रीकृष्ण ने कर्म-मार्क से फलासक्ति की प्रबलता हटाने का बहुत ही स्पष्ट उपदेश दिया, पर उनके समझाने पर भी भारतवासी इस वासना से ग्रस्त होकर कर्म से दो उदास हो बैठे और फल के इतने पीछे पड़े कि गली में ब्राह्मण को एक पेठा देकर पुत्र की आशा करने लगे, चार आने रोज का अनुष्ठान कराके व्यापार लाभ-शत्रु पर विजय, रोग से मुक्ति, धन-धान्य की वृद्धि तथा और भी न जाने क्या-क्या चाहने लगे। आसक्ति प्रस्तुत या उपस्थित वस्तु में ही ठीक कही जा सकती है। कर्म सामने उपस्थित रहता है। इससे आसक्ति उसी में चाहिए। फल दूर रहता है, इससे उसकी ओर कर्म का लक्ष्य काफी है। जिस आनंद से कर्म की उत्तेजना होती है और जो आनंद कर्म करते समय तक बराबर चला चलता है उसी का नाम उत्साह है।

(1) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।
(2) "फल की विशेष आसक्ति से कर्म के लाघव की वासना उत्पन्न होती है।" इस कथन के माध्यम से लेखक क्या कहना चाहता है?
(3) श्रीकृष्ण ने कर्म मार्ग से फलासक्ति की प्रबलता हटाने का बहुत ही स्पष्ट उपदेश दिया था।" से क्या तात्पर्य है?
(4) उत्साह क्या है?
(5) भारतवासी किस वासना से ग्रस्त होकर कर्म करते है?

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 5

धर कर चरण विजित श्रृगो पर झण्डा वही उड़ाते है
अपनी ही उँगुली पर जो खंजर की जंग छुड़ाते है।
पड़ी समय से होड़ खींच मत तलवों से काँटे रूककर,
फूँक-फूँक चलती न जवानी, काँटो से बचकर झुककर।
नींद कहाँ उनकी आँखों में जो धुन के मतवाले है।
गति की तृष्णा और बढ़ती है, पड़ते जब पग में छाले है।
जागरूक की जय निश्चित है, हार चुके सोने वाले
लेना अनल किरीट भाल पर, ओ। आशिक होने वाले।

कृ.प.उ.

(1) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखो।

(2) कवि के अनुसार "गति की तृष्णा" से क्या अभिप्राय है और वह कब बढ़ती है?

(3) कवि ने जवानी की क्या विशेषता बताई है?

(4) कविता के अनुसार किसकी जय निश्चित है।

(5) 'धर कर चरण विजित शृगो पर झण्डा वही उड़ाते है', पंक्ति का आशय स्पष्ट करो।

3. उत्पत्ति के आधार पर शब्द कितने प्रकार के होते है? प्रकारों के नाम लिखो। 1

4. विकारी शब्द किसे कहते है? 1

5. क्रिया किसे कहते है? 1

6. देशज शब्द किसे कहते है? 1

7. 'तुम बहुत धीरे-धीरे चलते हो।' वाक्य में निहित क्रिया विशेषण पद छांटकर उसकी परिभाषा लिखो। 1

8. 'सारंग' शब्द के कोई दो अर्थ लिखो। 1

9. संयुक्त और मिश्र वाक्य में क्या अन्तर है? उदाहरण द्वारा स्पष्ट करो। 2

10. उचित विराम चिह्न लगाइए- 2

(1) भगतसिंह नही रहे वे अमर हो गए

(2) सभी के जीवन में सुख दुःख तो आते ही रहते है

11. किसी एक विषय पर 450 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए- 10

(1) महिला सशक्तिकरण

(2) राष्ट्रीय स्वच्छता अभियान

(3) पर्यावरण संरक्षण

12. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करो- 7

अर्थ की जिस शिला पर हमारे युग के न जाने कितने साधकों की तरिया चूर-चूर हो चुकी है, उसी को वे अपने अदम्य वेग में पार कर आये है। उनके जीवन पर उस संघर्ष के जो आघात है वे उनकी हार के नहीं शक्ति के प्रमाण-पत्र है। उनके कठोर श्रम, गम्भीर दर्शन और सजग कला की त्रिवेणी न अछोर मरू में सूखती है न अकूत समूद्र में अस्तित्व खोती है।

अथवा

इन लक्ष्यों को आसानी से हासिल करने के लिए वे शिष्टाचार के नियमों को सीखते है और अपने आपको रीति-रिवाजों, परम्पसओं, आचार संहिता और इसी तरह की दूसरी चीज़ों में ढालते है। आज के नौजवान को जीवन-शैली को स्व पराजय की ओर ले जाने वाले इन रास्तों से बचना चाहिए। भौतिकता अर्जित करने के लिए कार्य करने की संस्कृति और उससे मिलने वाले प्रतिफल को अपने

जीवन से अलग कर देना चाहिए जब मैं अमीर, सत्ता-सम्पन्न शिक्षित लोगों को अपने भीतर शांति के लिए तड़पने, छटपटाने, संघर्ष करते देखता हूं तो अहमद जलालुद्दीन और अयादुर्र सोलोमन जैसे लोग याद आते है। पास में कुछ भी नही होते हुए वे कितने खुश थे। 7

13. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करो-

इस नदी की धार ठंडी हवा आती तो है
नाव जर्जर ही सही, लहरों से टकराती तो है।
एक चिनगारी कही से ढूँढ लाओ दोस्तों,
इस दिये में तेल से भीगी हुई बाती तो है।

अथवा

क्रीड़ा होती हथियारों से, होती थी केलि कटारों से।
अमि धार देखने को उँगली, कट जाती थी तलवारों से॥
हल्दी-घाटी का वैभव-पथ रंग दिया गया था खूनों से।
जननी-पद-अर्चन किया गया जीवन के विकच प्रसूनों से॥

14. निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 2×4=8

(1) हमारे देश का विकास उधार की बैसाखियों के सहारे हुआ है? पठित पाठ के आधार पर अपने तार्किक विचार लिखिए।

अथवा

'अतिथि देवो भव' के सन्दर्भ में प्राचीन और आधुनिक व्यवहार के अंतर को स्पष्ट कीजिए?

(2) 'धरती धोरा री' कविता के आधार पर राजस्थान के प्रमुख अंचलों की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए?

अथवा

पठित गजलों के आधार पर दुष्यन्त कुमार के काव्य की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

15. निम्नलिखित लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 4×2½=10

(1) 'शिवाजी का सच्चा स्वरूप' एकांकी की आधार पर शिवानी की चारित्रित विशेषताएँ लिखिए।

(2) हल्दीघाटी का भैरवपथ खून से क्यों रंग दिया था?

(3) सेस सुरेश दिनेश गनेस प्रजेस धनेस महेस मनावौ।
कोऊ भवनी भजौ, मन की सब आस सबै विधि जाइ पुरावौ॥
पंक्ति का काव्य सौन्दर्य स्पष्ट करो।

(4) 'प्रसादजी की स्मरण-शक्ति बड़ी विलक्षण थी।' उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए?

16. अति लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए- 1×2=2

(1) मीरां किसकी अनन्य भक्त थी?

(2) 'जागो फिर एक बार' कविता में कौनसा रस है? यह कविता युवा पीढ़ी को क्या संदेश देती है?

17. 'महादेवी वर्मा' अथवा 'रामधारी सिंह दिनकर' का साहित्यिक परिचय दीजिए। 6

18. निम्नलिखित निबंधात्मक प्रश्न का उत्तर दीजिए- 6

'जैसलमेर की राजकुमारी' कहानी नारी के कुशल प्रबन्धन तथा सूझ बूझ को अभिव्यक्त करती है। अपनी विचार व्यक्त कीजिए।

अथवा

एटम बम कहानी की मूल संवेदना स्पष्ट कीजिए।

19. लघुत्तरात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए (कोई तीन प्रश्न)- 3×3=9

(1) जैसलमेर की राजकुमारी पाठ के आधार पर मलिक काफूर की चारित्रिक विशेषताएं लिखो।

(2) 'ताई' कहानी पारिवारिक सम्बन्धों की विसंगतियों को उजागर करती है। कैसे? स्पष्ट करो।

(3) जिस दिन देशभक्त के जीवन का अन्तिम पृष्ठ लिखा जाने वाला था-उस दिन स्वर्ग-लोक में आनन्द का अपार पारावार क्यों उमड़ रहा था?

(4) 'खेल' कहानी में बालकों की क्रीड़ाओं का सहन और स्वाभाविक चित्रण है। कैसे? स्पष्ट करों।

20. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(1) सोशल मीडिया की शक्तियों और खबरों का उल्लेख कीजिए। 4

(2) एक अच्छे पत्र की पाँच विशेषताएँ लिखिए? 4

(3) हिन्दी का पहला दैनिक पत्र कौनसा था? कब व कहां से निकला? 2

(4) प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, डाबड़ी की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी, शिक्षा विभाग, जोधपुर को नि:शुल्क पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध करवाने हेतु कार्यालय-पत्र लिखिए। 5

❑❑❑